मेट्रो के गड्ढों में दवा का छिड़काव

मुंबई। मुंबई में कुलाबा से सीप्ज मेट्रो 3 अंडरग्राउंड का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। लेकिन इस काम के लिए कई गड्ढे किए गए है। मेट्रो प्रशासन को शंका है की इन गड्ढों में बारिश के दौरान मच्छर आ सकते है , लिहाजा उन्होने इसकी तैयारियां अभी से ही शुरू कर दी है। बारिश के दौरान मुंबईकरो को मच्छरों से किसी भी तरह की तकलीफ ना हो इसके लिए मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन(एमएमआरसी) की ओर से विशेष तैयारी की गई है। इन गड्ढों में दवा का छिड़काव किया जाएगा।

मेट्रो के काम का कारण सड़क पर किये गए गड्ढों में किसी भी तरह से पानी ना जमे और उन पानी में मच्छर ना पैदा हो इसके लिए मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन(एमएमआरसी) इन गड्ढों में दवा का छिड़काव करने का फैसला लिया है। एमएमआरसी और बीएमसी एक साथ मिलकर कुल 27 एसी जगहों पर दवा का छिड़काव करेगी। मानसून में मेट्रो 3 के हर स्टेशन में संग्रहीत पानी को निकालने के लिए पर्याप्त मात्रा में पंपों की व्यवस्था की गई है। मानसून के दौरान, एमएमआरसी विद्युत और संचार प्रणाली को बनाए रखने के लिए अन्य प्रणालियों के साथ मिलकर कां करेगी। इसके साथ ही आपातकालीन प्रबंधन विभाग के साथ मिलकर भी मेट्रो प्रशासन काम करेगा।